## न्यूज डायरी



### भारतीय सीमा की जासूसी के लिए खास हेलिकॉप्टर को तैनात करेगा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख सीमा पर जारी तनाव के बीच चीन ने मानव रहित हेलिकॉप्टर का पहली बार सफल परीक्षण किया है। चीनी मीडिया के अनुसार, इस हेलिकॉप्टर को भारत से सटी सीमा पर तैनात किया जाएगा। बता दें कि लद्दाख में पहले से ही दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियां आमने–सामने है। बता दें कि हाल के सैन्य झड़पों के बाद से चीन ने लद्दाख से लगी सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती की है। इतना ही नहीं, चीनी सेना ने सीमा से लगे क्षेत्रों में नए बंकर बनाने के लिए अर्थ मूवर्स मशीनों को भी तैनात किया है। वहीं, भारत ने भी लद्दाख से लगी सीमा पर अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। हाल में ही सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने लद्दाख बॉर्डर का दौरा कर ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा भी लिया था।

### नेपाल ने कहा कि बातचीत के जरिए मलसे को सुलझाया जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। कालापानी इलाके को लेकर नक्शे विवाद के बीच नेपाल ने भारत से अपनी दोस्ती को याद करते हुए कहा कि बातचीत के जरिए इस मलसे को सुलझा लिया जाएगा। नेपाल के विदेशी मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने कहा कि भारत के साथ उनके देश का खास और करीबी रिश्ता है। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे का एकमात्र हल अच्छी भावना के बातचीत है। बता दें कि पिछले दिनों नेपाल सरकार ने अपने देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा जारी किया है। नए नक्ध्शे में नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा के कुल 395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अपना बताया है। विदेश मंत्री ग्यावली ने अंग्रेजी दैनिक रिपब्लिका को दिए एक साक्षात्कार के दौरान कहा, श्हमने हमेशा कहा है कि इस मुद्दे के समाधान का एक मात्र तरीका अच्छी भावना के साथ बातचीत करना है। बिना किसी आवेग या अनावश्यक उत्साह और पूर्वाग्रह के साथ नेपाल बातचीत के जरिये सीमा विवाद को सुलझाना चाहता है।

### लॉकडाउन का निर्णय गलत, इससे मौत का आंकड़ा बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक माइकल लेविट ने दावा किया है कि कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण मौतों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों को घरों के अंदर कैद रखने का निर्णय उनके अंदर तनाव पैदा करने जैसा है। बता दें कि स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के इस वैज्ञानिक ने कोरोना वायरस महामारी के शुरूआती दौर को लेकर एकदम सटीक भविष्यवाणी की थी। प्रोफेसर लेविट ने यह भी कहा कि प्रोफेसर नील फर्ग्यूसन की एक थ्योरी के अनुसार इससे मौत का अनुमान 10 से 12 गुना बढ़ गया है। उन्होंने दावा किया कि लॉकडाउन के कारण महामारी के प्रसार पर तो रोक नहीं लगा जबकि इसके कारण लाखों लोगों की आजीविका नष्ट हो गई। प्रोफेसर लेविट ने कहा कि लॉकडाउन ने कोरोना वायरस से मानव जीवन की रक्षा नहीं की है, बल्कि इससे नुकसान हुआ है।

### अमेरिका को राहत, न्यूयॉर्क में कई सप्ताह बाद घटी मृतकों की तादाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में कई सप्ताह के बाद शनिवार को एक दिन में कोरोना से सबसे कम मौतें हुईं। राज्य के गवर्नर एंड्रयू कुओमो ने इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया है। शनिवार को मौत के 84 मामले सामने आए जबकि आठ अप्रैल को मृतकों की संख्या 799 दर्ज की गई थी। बता दें कि न्यूयॉर्क राज्य में मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने के मामलों में भी भारी गिरावट आई है।

कुओमो ने कहा कि राज्य में एक दिन में मृतकों की संख्या को कम करके 100 से नीचे ला पाना कुछ सप्ताह पहले तक असंभव लग रहा था। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में हमेशा से, एक दिन में मृतकों की संख्या 100 से नीचे लाने की बात चल रही थी। मुझे लगता है कि हम सचमुच प्रगति कर रहे हैं। सिंगापुर की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी के इनोवेशन लैब के मुताबिक अमेरिका में कोरोना वायरस के खत्म होने में 11 नवंबर तक का समय लगेगा।

# पाक को 60 लाख डॉलर की खैरात देगा अमेरिका

## कोरोना के खिलाफ जंग में होगा इस्तेमाल

**घोषणा**

- ■पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी राजदूत ने की घोषणा
- ■इमरान खान महीनों से दुनियाभर के देशों से मांग रहे थे खैरात
- ■कोरोना से पाकिस्तान के हालात खराब



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भयानक तरीके से फैल रहे कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए अमेरिका 60 लाख डॉलर की सहायता राशि देगा। आर्थिक रूप से तबाह हो चुके अपने मुल्क को बचाने के लिए प्रधानमंत्री इमरान खान सार्वजनिक रूप से कई बार दुनियाभर के देशों से खैरात मांग चुके हैं। जिसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

**अमेरिकी राजदूत ने किया मदद का ऐलानः** पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत पॉल जोन्स ने शनिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि यह धनराशि पाकिस्तान को उन स्वास्थ्यकर्मियों को और प्रशिक्षण देने में काम आएगी जो अस्पतालों में कोरोना वायरस संक्रमण के गंभीर हालत वाले मरीजों की देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सा केन्द्रों में कोरोना वायरस फैलने से रुकेगा।

**पाकिस्तान को ईद की शुभकामनाएं दीः** पॉल जोन्स ने कहा कि इसके अलावा इससे संक्रमित इलाकों में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों की जांच के लिए मोबाइल प्रयोगशाला भी बनाई जाएगी। उन्होंने पाकिस्तान को ईद–उल–फितर की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि रमजान का महीना पूरा होने पर मैं सभी पाकिस्तानियों को बधाई देना चाहता हूं।

**पाक ने अमेरिका भेजे थे चिकित्सा उपकरणः** बता दें कि अमेरिकी राजदूत ने हाल ही में पाकिस्तान से प्राप्त चिकित्सा आपूर्ति के लिए इस्लामाबाद का आभार व्यक्त किया। यह आपूर्ति दोनों देशों के बीच मित्रता और साझेदारी के प्रतीक के रूप में की गई थी।

**पाक के कौन से प्रांत में कितने मरीजः** पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक सिंध में 21,645 मामले, पंजाब में 19,557, खैबर–पख्तूनख्वा में 7,685, बलूचिस्तान में 3,306, इस्लामाबाद में 1,592, गिलगित–बाल्तिस्तान में 619 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 197 मामले सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कुल 17,198 मरीज अब तक स्वस्थ हो चुके हैं और अब तक कुल 4,73,607 लोगों की जांच की गई हैं।

### 11 दिन बाद दूसरों को संक्रमित नहीं कर सकते कोरोना के मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। कोरोना पर रिसर्च कर रहे वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि इस खतरनाक वायरस का मरीज 11 दिनों के बाद किसी दूसरे को संक्रमित नहीं कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना संक्रमित व्यक्ति लक्षण दिखने के दो दिन पहले से ही इस खतरनाक वायरस का संक्रमण फैला सकता है।

सिंगापुर के रिसर्चर्स ने कहा कि कोरोना वायरस के मरीज लक्षण दिखने के बाद सात से 10 दिनों तक ही संक्रमण को फैला सकते हैं। इस कारण 11वें दिन से उन्हें आइसोलेशन में रखने की खास जरूरत नहीं है। सिंगापुर के नेशनल सेंटर फॉर इंफेक्शियस डिसीज एंड एकेडमी ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के 73 मरीजों की जांच की। इनमें से अधिकतर मरीज 2 सप्ताह बाद भी कोरोना पॉजिटिव थे लेकिन ये दूसरे को संक्रमित करने में सक्षम नहीं थे।

**संक्रमण फैलाने की अवधि ७ से १० दिनों तकः** रिसर्चर ने कहा कि कोरोना वायरस महमारी शुरू होने के बाद से इकठ्ठा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति में संक्रमण फैलाने की अवधि लक्षण दिखाई देने के दो दिन पहले से शुरू होकर 7 से 10 दिनों बाद तक बनी रहती है।



### हॉन्ग कॉन्ग में चीन ने बढ़ाया दमन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। हॉन्ग कॉन्ग की सड़कों पर चीन विरोधी प्रदर्शन अब हिंसक रूप लेता दिखाई दे रहा है। वहीं, चीन समर्थित पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का विरोध कर रहे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दाग रही है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। वहीं कई अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। वहीं, चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि हॉन्ग कॉन्ग में नया कानून हर हाल में लागू किया जाएगा। विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हॉन्ग–कॉन्ग में कानून व्यवस्था को स्थापित करने और विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ सख्ती से निपटने के लिए एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून चीन की संसद में पेश किया गया है।

## भूकंप के दौरान भी इंटरव्यू देती रहीं न्यूजीलैंड की पीएम, बोलीं– झटके महसूस हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न सोमवार सुबह एक टेलीविजन चौनल को लाइव इंटरव्यू दे रही थीं कि तभी अचानक भूकंप के झटके महससू किए गए लेकिन उन्होंने इंटरव्यू जारी रखा। आर्डर्न ने इंटरव्यू ले रहे रयान ब्रिज को बीच में रोककर बताया कि राजधानी वेलिंगटन में संसद परिसर में क्या हो रहा है।

**हमें ठीक-ठाक झटका महसूस हुआः** आर्डर्न ने कहा कि रयान यहां भूकंप आया है, हमें ठीक–ठाक झटका महसूस हुआ है। उन्होंने कमरे में दाएं–बाएं देखते हुए बोलीं कि आप मेरे



पीछे चीजों को हिलते हुए देख सकते हैं। हालांकि, आर्डर्न ने इंटरव्यू जारी रखा और इंटरव्यू ले रहे रयान को बताया कि भूकंप थम गया है।

**रिंग ऑफ फायर में स्थित है न्यूजीलैंडः** पीएम ऑर्डन ने कहा कि हम ठीक हैं रयान। मेरे ऊपर लाइटों ने हिलना बंद कर दिया है, मुझे लगता है कि मैं अब एक ठोस ढांचे के नीचे बैठी हुई हूं। बता दें कि न्यूजीलैंड प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में पड़ता है और यहां अक्सर भूकंप आने की वजह से इसे अस्थिर द्वीप भी कहा जाता है।

**न्यूजीलैंड में सोमवार सुबह आया भूकंप**

**5.6 थी भूकंप की तीव्रताः** अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक सोमवार को आए भूकंप की तीव्रता 5.6 थी और इसका केंद्र उत्तरपूर्व वेलिंगटन से 100 किलोमीटर दूर समुद्र की गहराई में था। हालांकि, जान–माल को किसी भी तरह के बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

### पाक सेना प्रमुख ने कश्मीर को विवादित क्षेत्र बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने रविवार को कहा कि कश्मीर एक ''विवादित क्षेत्र'' है और इसकी स्थिति को चुनौती देने के किसी भी प्रयास का पूरी सैन्य ताकत के साथ जवाब दिया जाएगा। जनरल बाजवा ने यह टिप्पणी नियंत्रण रेखा के पूना सेक्टर के दौरे के दौरान की, जहां उन्होंने ईद सैनिकों के साथ बिताई। सैनिकों को संबोधित करते हुए, बाजवा ने कहा कि दक्षिण एशिया में रणनीतिक स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। बाजवा ने कहा, ''कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है और विवादित स्थिति को चुनौती देने के किसी भी प्रयास का पूर्ण राष्ट्रीय संकल्प और सैन्य क्षमता के साथ जवाब दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारत ने पाकिस्तान से कहा था कि गिलगित और बाल्तिस्तान समेत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का पूरा क्षेत्र पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय आधार पर भारत का अभिन्न अंग है।